लोक सभा अध्यक्ष ने संसद सदस्यों हेतु बावन बहुमंजिले फ्लैटों की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया ।

नई दिल्ली, 02 दिसम्बर, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज बी.डी. मार्ग, नई दिल्ली स्थित लोक सभा के सांसदों के लिए बावन बहुमंजिले फ्लैटों (नर्मदा और कावेरी) की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया ।

इस परियोजना का कुल प्लॉट क्षेत्र 19439.84 वर्ग मीटर है जबकि नर्मदा और कावेरी ब्लॉकों का निर्मित क्षेत्र 22533.44 वर्ग मीटर है । यह राज्य सभा के 26 फ्लैटों वाले वर्तमान ब्रह्मपुत्र ब्लॉक का विस्तार होगा ।

इसका निर्माण भूकम्परोधी है जिसमें बेसमेंट, स्टिल्ट और आठ मंजिलें शामिल हैं । यह परिसर विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाजनक है । साथ ही इसमें आगंतुकों के लिए भूमितल पर एक कॉमन लाउंज और रसोई का भी प्रावधान है ।

इस परियोजना की नई विशेषताओं में लाइट वेट फलाइएश ब्लॉक, तैयार मिश्रित कंक्रीट और पीपीसी सीमेंट, सोलर वाटर हीटिंग प्रणाली, वर्षा जल संचयन, कंपाउंड लाइटिंग विद सोलर लाइट्स, सामान्य क्षेत्र और स्ट्रीट लाइटिंग के लिए एलईडी उपस्करों का प्रयोग, जल संरक्षण उपस्कर, वायुरूद्ध सील्ड डबल ग्लास और वायर गेज शटर के साथ कम वी ओ सी पेंट्स और यू पी वी सी विंडो का प्रयोग करना शामिल है ।